पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

नशा मुक्ति को जनांदोलन बनाये - राज्यपाल

लखनऊ: 27 जुलाई, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज रवीन्द्रालय में महाराजा छीता पासी सेवा संस्थान उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में शराब मुक्त समाज बनाने हेतु मण्डलीय नशा मुक्ति जनसंदेश यात्रा के अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नशा मुक्ति का संदेश समाज और राष्ट्र के विकास का संदेश है। गलत आदत सुधारने के लिये स्वयं पर संयम रखकर दूसरों को प्रेरणा दें। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति का निर्णय पूरा समाज ले तो समाज में परिवर्तन आ सकता है।

श्री नाईक ने कहा कि नशे से पूरा परिवार उजड़ जाता है। यदि व्यापक पैमाने पर नशा मुक्ति का अभियान चलाया जाए तो सफलता मिल सकती है। व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम करना चाहिए। योग के माध्यम से नशे पर काबू पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति को जनांदोलन बनाये।

पूर्व गृहमंत्री श्री रामलाल राही ने कहा कि नशाखोरी समाज की सबसे बड़ी बुराई है। शराब का प्रयोग अपराध की जड़ है। सामाजिक कार्य में राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पक्षपातरहित समाज आज की जरूरत है। इस अवसर पर श्री सूबेदार सुमन, पूर्व मेयर फरीदाबाद हरियाणा सहित अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखें।

राज्यपाल ने इस अवसर पर श्री रामदयाल वर्मा की नशे मुक्ति पर लिखे 75 दोहे की दोहावली का लोकार्पण भी किया।

महाराजा छीता पासी सेवा संस्थान उ.प्र. के तत्वाधान में
शराब मुक्त समाज बनाने हेतु
मंडलीय नशा मुक्ति जनसंदेश यात्रा
27 जुलाई 2015 दिन सोमवार समय 12:00 बजे दोपहर
चारबाग, लखनऊ में
मुख्य संयोजक
विशिष्ट अतिथि
विशिष्ट अतिथि

महाराजा छीता पासी सेवा संस्थान उ.प्र. के तत्वाधान में
शराब मुक्त समाज बनाने हेतु
मंडलीय नशा मुक्ति जनसंदेश यात्रा
27 जुलाई 2015 दिन सोमवार समय 12:00 बजे दोपहर
रवीन्द्रालय सभागार, चारबाग, लखनऊ में
मुख्य अतिथि - सम्मानित श्री राम नाईक जी राज्यपाल उ.प्र. द्वारा सम्बोधन
अध्यक्षता - श्री सूबेदार सुमन पूर्व मेयर, फरीदाबाद (हरियाणा)
मुख्य संयोजक
राम लाल राही
पूर्व केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री
सहसंयोजक
विशिष्ट अतिथि
विशिष्ट अतिथि

छीता पासी सेवा संस्थान उ.प्र. के तत्वाधान में
शराब मुक्त समाज बनाने हेतु
मंडलीय नशा मुक्ति जनसंदेश
27 जुलाई 2015 दिन सोमवार समय 12:00 बजे
रवीन्द्रालय सभागार, चारबाग, लखनऊ में
श्री राम नाईक जी राज्यपाल उ.प्र. द्वारा सम्बोधन
सुबेदार सुमन पूर्व मेयर, फरीदाबाद (हरियाणा)